**प्रेस नोट थाना टूण्डला दिनांक 21-06-2024 जनपद फिरोजाबाद।**

## दिनांक 12-06-2024 को थाना टूण्डला क्षेत्रातर्गत महिला की हत्या कर नगला सोना में शव छिपाने वाली घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना टूण्डला एवं सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्तों को आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार।

- **अवैध सम्बन्धों व ब्लैक मेल करने के चलते की गयी थी हत्या.....**

दिनांक 12.06.24 को सुबह में लगभग 7 बजे थाना टूण्डला पर सूचना मिली कि चौकी लाइनपार में ग्राम नगला सोना अनवारा मरघटी रेलवे लाइन के पास एक अज्ञात महिला का शव पडा है। शव मिलने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर गयी थी जिसके सम्बन्ध में बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के आधार पर उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी लाइनपार थाना टूण्डला की तहरीर पर दिनांक 19.06.2024 को मु0अ0सं0 397/2024 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत किया गया। शव की शिनाख्त कर घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा 03 टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण व कस्बा टूण्डला में रेलवे स्टेशन , प्रमुख चौराहों के आने जाने वाले रास्तों के लगभग 120 सीसीटीवी कैमरे देखकर अज्ञात मृत महिला की शिनाख्त की गयी तथा टीम इस निर्णय पर पुहंची कि हत्या कारित करने वाले 02 व्यक्ति मृतक महिला के साथ देखे गये वही उसके हत्यारे है। कैमरे में दिख रहे व्यक्तियों के बारे में मुखबिरों से तथा मृतका के परिवारीजनों से जानकारी की गयी तो उक्त व्यक्तियों का नाम 1.अभिषेक ठाकुर पुत्र अरविन्द सिंह निवासी जलूखेड़ा थाना सकरौली जनपद एटा हाल निवासी विरजू का किराये का मकान मौहल्ला शोभा नगर थाना एत्माददौला आगरा 2. दीपक चौधरी पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी एटा रोड राधा नगर कालौनी कस्बा व थाना टूण्डला फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया। मृतका की शिनाख्त गुलफ्शा पुत्री स्व0 अब्दुल कलाम जनपद आगरा के रुप में हुई। हत्या करने वाले दोनों अभियुक्तों अभिषेक ठाकुर व दीपक चौधरी को दिनांक 20-06-2024 को पुलिस टीम द्वारा निहाल सिंह की पुलिया थाना टूण्डला के पास से गिरफ्तार किया गया है।

**विवरण पूछताछ –**

अभि0 अभिषेक ठाकुर उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मैं जब 17 वर्ष का था तभी मेरी दोस्ती गुलफ्शा से हो गयी थी फिर मैं वर्ष 2021 में गुलफ्शा को लेकर भाग गया। उसके बाद लड़की अपने घर चली गयी और उसके परिवारीजनों द्वारा उसकी शादी ग्वालियर में कर दी गयी थी फिर दुबारा मेरी मुलाकात फरवरी 2024 में गुलफ्शा से इंस्टाग्राम पर हुई। हम लोगों में पहले चैटिंग फिर धीरे धीरे वाइस काल होंने लगी और उसने अपनी सारी बात बतायी फिर मैं उसकी ससुराल ग्वालियर उसके घर पर जाकर मिला। तो उसने बताया कि मेरे पति जो टिर्री (ई रिक्शा) चलाते हैं। उसके बाद मैं गुलफ्शा से छुट्टी के दिन उसके घर पति के जाने के बाद मिलने पहुंच जाता था। दिनांक 20.04.2024 को ईद के दो दिन बाद गुलफ्शा ने कहा कि मैं आगरा आ रही हू। तुम कैण्ट स्टेशन पर मिलना वह शाम सात बजे कैण्ट स्टेशन पर आ गयी तो मैं उसे रामबाग ले आया। वहाँ मैने एक कमरा किराये पर लिया वही हम दोनों लोग रहने लगे। एक दिन गुलफ्शा ने अपने पेट में बच्चा आने की बात बताई और कहा कि मैं

इस बच्चे को जन्म दूँगी। मैंने कहा कि अभी बच्चे को जन्म मत दो उसने मना किया तब वह मुझसे झगडने लगी और धमकी देने लगी कि तुम्हे मैं मुकदमें में फंसा दुंगी। इस बात से मैं काफी परेशान हो गया तब मैंने गुलफ्शा को मारने की योजना बनाई। दिनांक 09.06.24 को मैं और दीपक मिले और हम दोनों ने गुलफ्शा को गला घोंटकर मारने की योजना बनायी और योजना के अनुरुप गुलफ्शा को रुम देखने के बहाने आगरा में हनुमान नगर रेलवे लाइन की तरफ ले गये और पटरी के किनारे किनारे चलने लगे उस समय रात के करीब 10.30 बजे हमारे परिचित सचिन का फोन आया और उसने वहां पर आने के लिए कहा तो उस दिन हम गुलफ्शा की हत्या नहीं कर सके। फिर दिनांक 11/6/2024 को मैं गुलफ्शा के साथ रात करीब 08.00 बजे टूण्डला आया और वँहा पर मेला देखा चौराहे से दीपक को फोन किया। दीपक वहाँ थोडी देर में आ गया तभी गुलफ्शा ने पूछा कि हम लोग कहाँ जा रहे हैं तो मैंने कहा कि हम लोग दीपक के घर जा रहे हैं। रात ज्यादा हो गयी है सुबह निकल जायेंगे। फिर हम तीनों लोग दीपा चौराहा रेलवे फाटक होते हुए अनवारा रोड पर पहुंचकर नगला सोना के जंगल में रेलवे लाइन के किनारे पहुंच गये। हमारे मन में योजना चल ही रही थी कि तभी सामने से एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया उसे देखकर मैंने गुलफ्शा से कहा कि हम दो लडके हैं और एक गुलफ्शा इसलिये तुम खेत में जाकर आड में छुप जाओ तो वह खेत के एक कोने में जाकर छिप गयी जब ट्रैक्टर पुलिया के नीचे से निकल गया तो मैं तुरन्त गुलफ्शा के पास गया और उसे बैठे में ही गर्दन पकड लिया और दीपक से वीडियो बनाने को कहा जब वह बेहोश होकर नीचे गिर गयी तब मैने उसके गर्दन पर चाकू से वार किये उसके बाद खेत में पास में पडी प्लास्टिक की बोरी जिसमें भूसा भरा था उसे उठाकर गुलफ्शा के मुँह पर रख दिया जिससे वह जिन्दा न बच पाये।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अभिषेक ठाकुर पुत्र अरविन्द सिंह निवासी जलूखेड़ा थाना सकरौली जनपद एटा हाल निवासी विरजू का किराये का मकान मौहल्ला शोभा नगर थाना एत्माददौला जनपद आगरा उम्र 21 वर्ष
2. दीपक चौधरी पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी एटा रोड राधा नगर कालौनी कस्बा व थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 19 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

एक अदद चाकू (आलाकत्ल ) व एक मोबाइल जिसमें हत्या की वीडियो व अन्य डेटा बरामद किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्र0नि0 श्री अनुज कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक अपराध श्री कृष्ण स्वरुप पाल थाना टूण्डला फिरोजाबाद
3. सर्विलास टीम प्रभारी उ0नि0 श्री अमित कुमार
4. उ0नि0 महेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद
5. उ0नि0 जय सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद

6 हैका0 346 दिलीप कुमार, 7-है0का0 672 सुशील, 8-हे0का0 913 जगदीश सिंह,9. का0 123 भूपेन्द्र सिह, 10-का0 572 भवतोष कुमार,

11-हे0का0 देवेन्द्र कुमार सर्विलास सेल फिरोजाबाद

12. का0 रघुराज सिंह सर्विलास सेल, 13-का0 कृष्णा सर्विलांस सेल फिरोजाबाद

14 . हे0का0 करन चौधरी सर्विलांस सेल फिरोजाबाद

15. हे0का0 अमित चौहान सर्विलांस सेल फिरोजाबाद

16. का0 लोकेश सर्विलांस सेल फिरोजाबाद

17. हे0का0 प्रेम कुमार सर्विलांस सेल फिरोजाबाद